शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81
E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुडे
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

| डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा (IPS) | बनवारी लाल बैरवा | दयानन्द सक्करवाल | जी.एल. वर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |
| मो. 9414137888 | मो. 9001195384 | मो. 9634418411 | मो. 9829688869 |


**No.** **DrAMWS/2023/GS/R-985** Dated: 19.03.2024

## आम सूचना

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान (आगे से सोसायटी से संबोधन) की सदस्यता रसीदें केंद्रीय कार्यसमिति के द्वारा जारी की जाती रही हैं। विशेषकर केंद्रीय कार्यसमिति के चुनाव के अवसर पर केंद्रीय व जिला कार्यसमितियों के पदाधिकारीगण व समाज के प्रबुद्धजन अपने नाम सदस्यता रसीद जारी करवाकर वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाते रहे हैं, लेकिन प्रायः देखा गया है कि उक्त सदस्यता रसीदों में से भरी हुई एवं बिना उपयोग की हुई रसीदें लम्बे समय तक केंद्रीय कार्यसमिति के पास वापस जमा नहीं करवाई जाती हैं तथा उनके दुरूपयोग की सम्भावना बनी रहती हैं एवं आयकर विभाग के निर्देशों की पालना में अवरोध उत्पन्न होता है।

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की दिनांक 03.03.2024 को आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में उक्त मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है तथा सर्वसम्मति से तय किया है कि केंद्रीय व जिला कार्यसमितियों/कार्यकारिणी के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों व समाज के प्रबुद्धजनो एवं अन्य किसी भी व्यक्ति के पास पुरानी बिना उपयोग की हुई एवं उपयोग की हुई रसीदें बकाया चल रहीं हैं वे दिनांक 31.03.2024 तक बैंक स्टेटमेंट के साथ कोषाध्यक्ष, केंद्रीय कार्यसमिति के पास अवश्य जमा करवा दें ताकि उनका लेखा किया जा सके। जो रसीदें दिनांक 31.03.2024 तक केंद्रीय कार्यसमिति के पास जमा नहीं होंगी वे दिनांक 01.04.2024 से स्वतः ही अमान्य हो जाएँगी व उनका दिनांक 01.04.2024 के बाद उपयोग गैरकानूनी होगा एवं प्रयोग में लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। केंद्रीय कार्यसमिति द्वारा दिनांक 01.04.2024 के बाद जारी की गई सदस्यता रसीदें ही मान्य होंगी इसके अलावा ऑनलाइन सदस्यता अभियान जारी है वह भी मान्य होगा।

कृपया इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें व आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें.

(दयानन्द सक्करवाल)
कोषाध्यक्ष
डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. सोसायटी केन्द्रीय कार्यसमिति पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण
2. सोसायटी जिला कार्यकारिणी पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण
3. सोसायटी समस्त सदस्य
4. सोसायटी वेबसाइट
5. सोसायटी सूचना पट्ट

कोषाध्यक्ष